ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 02 नवम्बर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 239

वन स्टेट-वन इलेक्शन के लिए बदल सकता है कानून:सरकार की पहली वर्षगांठ पर हो सकती है घोषणा; हजारों पंचायतों के चुनाव टलेंगे



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में वन स्टेट-वन इलेक्शन को लेकर सरकार में अलग-अलग स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। इसे लेकर मंत्री लेवल कमेटी का प्रस्ताव भी अभी अटका हुआ है। ऐसे में 7 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के बाद सरकार इस पर फैसला ले सकती है।

बताया जा रहा है कि वन स्टेट-वन इलेक्शन का ये प्रस्ताव गहलोत सरकार में बने नए जिलों की वजह से अटका हुआ है। 15 दिसंबर को सरकार की पहली वर्षगांठ है, इस मौके पर भी वन स्टेट-वन इलेक्शन पर फाइनल फैसले की घोषणा हो सकती है।

पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनाव एक साथ करवाने को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग भी अपने स्तर पर तैयारियां कर रहा है। एक साथ चुनाव करवाए जाने पर कई कानूनी बाधाएं हैं, उसे लेकर भी कानूनी जानकारों से राय ली गई है। पंचायतीराज विभाग और स्वायत्त शासन विभाग ने भी मौजूदा कानून में बदलाव के लिए विधि विभाग और कानूनी जानकारों से राय ली है।

पहले गहलोत राज के जिलों पर फैसला होगा

वन स्टेट-वन इलेक्शन से पहले सरकार गहलोत राज के जिलों पर फैसला करेगी। जिलों की रिव्यू कमेटी की रिपोर्ट के बाद गहलोत राज के छोटे जिले खत्म करने का फैसला होगा। इसके बाद ही पंचायतीराज संस्थाओं के साथ चुनाव करवाने पर काम आगे बढ़ेगा। गहलोत राज के जिलों पर फाइनल फैसला होने के बाद ही जिला परिषदों की सही संख्या तय होगी, इसके बिना चुनाव संभव नहीं है।

कानून मंत्री जोगाराम पटेल का कहना है कि जिलों पर फैसले के बाद ही वन स्टेट-वन इलेक्शन संभव है, यह जिलों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ मसला है। बिना जिलों पर फैसला हुए जिला परिषदों पर असमंजस रहेगा। कौन सा जिला रहेगा कौन सा नहीं रहेगा, इस पर फैसला हुए बिना यह काम संभव नहीं है। पहले जिलों पर फैसले के बाद ही वन स्टेट-वन इलेक्शन का काम आगे बढ़ सकेगा।

दिसंबर में 6975 पंचायतों में प्रशासक लगाने होंगे, चुनाव आगे खिसकेंगे

एक साथ चुनाव करवाने के लिए सरकार को पंचायतीराज संस्थाओं और स्थानीय निकायों में प्रशासक लगाने होंगे। जनवरी में 6975 पंचायतों के चुनाव का समय आ जाएगा, बची हुई पंचायतों के चुनाव 2026 में है, एक साथ चुनाव करवाने के लिए पहले फेज वाली 6975 पंचायतों के चुनाव आगे खिसकाने होंगे।

चुनाव आगे खिसकाने के लिए इन पंचायतों में प्रशासक लगाने होंगे। प्रशासक लगाने के लिए कोई ठोस कारण तलाशना होगा, मौजूदा काननूी प्रावधानों के हिसाब से चुनाव एक साथ करवाने के लिए प्रशासक लगाने का प्रावधान नहीं है।

सरपंच संघ की मांग, मध्य प्रदेश मॉडल अपनाएं

राजस्थान सरपंच संघ ने वन स्टेट-वन इलेक्शन का समर्थन करते हुए पहले फेज में जिले 6975 पंचायतों के जनवरी में चुनाव होने हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है। सरपंच संघ ने मध्य प्रदेश मॉडल अपनाने की मांग करते हुए एक साथ चुनाव के लिए पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने और प्रशासक लगाने की जगह मौजूदा सरपंचों के साथ एक कमेटी बनाकर जिम्मेदारी देने की मांग की है। सरपंच संघ के अध्यक्ष बंशी गढ़वाल का कहना है कि वन स्टेट-वन इलेक्शन के लिए मध्यप्रदेश मॉडल पर काम करना चाहिए। सरकार ने इस मांग का परीक्षण करवाने का भरोसा दिया है।

संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से:20 दिसंबर तक चलेगा; वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक बिल पेश होने के आसार



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. 18वीं लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक समेत कई बिल पेश होने के आसार हैं।

इसके अलावा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी पास किया जा सकता है।

18वीं लोकसभा का पहला मानसून सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चला था। पूरे सत्र में कुल 15 बैठकें हुईं, जो लगभग 115 घंटे तक चलीं थी। सत्र के दौरान सदन की प्रोडक्टिविटी 136% रही।

इसी सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को सदन में केंद्रीय बजट 2024-2025 पेश किया। इस पर कुल 27 घंटे और 19 मिनट तक चर्चा चली, जिसमें 181 सदस्यों ने भाग लिया। सत्र में कुल 65 प्राइवेट मेम्बर बिल भी पेश किए गए थे।

इसके अलावा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि, इस सत्र के दौरान देश के कई हिस्सों में आए लैंडस्लाइड, बाढ़ और जान-माल के नुकसान पर भी चर्चा हुई। साथ ही ओलिंपिक में भारत की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

वक्फ एक्ट संशोधन बिल पेश, लेकिन अब JPC में

8 अगस्त को लोकसभा में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ कानून (संशोधन) बिल पेश किया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया। इस बिल का विपक्षी दलों ने विरोध किया।

शाइना को 'माल' कहने वाले बयान पर अरविंद सावंत ने मांगी माफी



24 न्यूज अपडेट

मुंबई : उद्धव गुट के नेता और सांसद अरविंद सावंत द्वारा शिवसेना नेता (शिंदे गुट) शाइना एनसी को इंपोर्टेड माल बताने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि उनका बयान दुर्भाग्यपूर्ण है और जनता उन्हें सबक जरूर सिखाएगी, खासकर महिलाएं. अपने बयान पर चौतरफा घिरने के बाद अरविंद सावंत ने माफी मांग ली है. उन्होंने कहा कि उनके 55 साल के राजनीतिक करियर में उन्होंने किसी महिला का कभी भी अपमान नहीं किया. अरविंद सावंत ने कहा कि उनका मकसद किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था, फिर भी अगर कोई भी उनके बयान को लेकर दुखी है, तो वह माफी मांगते हैं.

इसके पहले राज्य के सीएम ने कहा था, "अगर आज बाला साहेब जिंदा होते, और किसी शिव सैनिक ने अरविंद सावंत की तरह बयान दिया होता, तो वे उनका मुंह तोड़ देते. किसी भी व्यक्ति का क्रियाकलाप उसके चरित्र को दर्शाता है. महा विकास अघाड़ी के नेताओं ने इसके पहले भी गुवाहाटी में महिलाओं का अपमान किया था. मुझे लग रहा है कि आने वाले चुनाव में निश्चिंत रूप से महिलाएं वोट के माध्यम से इसका जवाब देंगी और उन्हें अच्छा सबक सिखाएंगी." एकनाथ शिंदे ने एक दिन पहले भी अरविंद सावंत के बयान को लेकर कहा था कि महाराष्ट्र की बहनें उन्हें उनका असली स्थान दिखा देंगी और उन्हें वापस घर लौटना पड़ेगा. आपको बता दें कि अरविंद सावंत ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि शाइना एनसी इंपोर्टेड माल हैं, और यहां पर सिर्फ ओरिजिनल चलता है.

सावंत ने कहा था कि शाइना जिंदगी भर भाजपा में रहीं, लेकिन टिकट उन्हें शिवसेना

फैशन डिजाइनर रोहित बल का हार्टअटैक से निधन:लैक्मे इंडिया फैशन वीक में आखिरी बार दिखे थे; हॉलीवुड स्टार्स के लिए भी डिजाइन किया

24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. मशहूर फैशन डिजाइनर रोहित बल (63) का शुक्रवार को निधन हो गया। वे दिल से जुड़ी बीमारियों से लंबे समय से पीड़ित थे। साल 2010 में हार्ट अटैक के बाद उनकी एंजियोप्लास्टी भी हुई थी। 1996 में टाइम पत्रिका ने उन्हें भारत का 'मास्टर ऑफ फैब्रिक एंड फैंटेसी' बताया था।

रोहित बल को साल 2001 और 2004 में अंतरराष्ट्रीय फैशन अवॉर्ड्स में 'डिजाइनर ऑफ द ईयर' चुना गया था। फैशन डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया (FDCI) के अध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा- उन्हें (रोहित) दिल का दौरा पड़ा था। रोहित एक लीजेंड थे। हम पूरी तरह से हिल गए हैं।

उन्होंने कहा कि सफदरजंग एन्क्लेव के आश्लोक अस्पताल में रोहित का इलाज चल रहा था। बल का इलाज डॉ. आलोक चोपड़ा कर रहे थे। शुक्रवार को रोहित को हार्ट अटैक आया। डॉक्टरों ने उन्हें होश में लाने के लिए 2 घंटे तक पूरी कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

13 अक्टूबर को दिल्ली के इंपीरियल होटल में लैक्मे इंडिया फैशन वीक में रोहित ने अपने कलेक्शन 'कायनातः ए ब्लूम इन द यूनिवर्स' को पेश किया था। ये उनका आखिरी शो था। एक्ट्रेस अनन्या पांडे इस कार्यक्रम की शो-स्टॉपर थीं।

रोहित के निधन पर बॉलीवुड की कई हस्तियों ने दुख



जताया। रोहित का शनिवार शाम 5 बजे नई दिल्ली के लोधी रोड श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। बीमारी के चलते पिछले साल हुए थे अस्पताल में एडमिट दिसंबर 2023 में हार्ट से जुड़ी परेशानी के चलते रोहित को गुरुग्राम के निजी अस्पताल में ICU में भर्ती कराया गया था। इसके बाद उन्होंने 2024 की शुरुआत में कमबैक किया था। दिल्ली का अक्टूबर में हुआ लैक्मे इंडिया फैशन वीक उनका आखिरी शो था।

सलमान के घर पर फायरिंग का मामला:लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को US से लाने की तैयारी, मुंबई पुलिस ने प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. अभिनेता सलमान खान के घर फायरिंग करवाने के मामले में आरोपी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सलमान के घर 14 अप्रैल को बाइक सवार दो लोगों ने फायरिंग की थी। हालांकि, इसमें जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। अनमोल, साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई है।

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के एक सीनियर अफसर ने बताया कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (MCOCA) कोर्ट ने अनमोल की गिरफ्तारी के लिए पहले ही गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया है। कोर्ट ने विदेश में उसकी तलाश के लिए रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया है।

मुंबई पुलिस के मुताबिक, अभी कुछ अदालती दस्तावेजों का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को एक प्रत्यर्पण के लिए औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। स्पेशल कोर्ट ने 16 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच के उनके आवेदन को मंजूरी दे दी थी। उम्मीद है कि पुलिस को जल्द ही डॉक्युमेंट्स मिल जाएंगे।

इससे पहले 25 अक्टूबर को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी के लिए 10 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी। सलमान के घर पर फायरिंग के अलावा अनमोल पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला और बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में भी आरोपी है।

संपादकीय : सौहार्द की सीमा

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच सैन्य गतिरोध फिलहाल दूर हो गया लगता है। दोनों देशों के सैनिकों ने दिवाली पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया और भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख के डेमचोक इलाके में गश्त भी शुरू कर दी। जल्दी ही डेपसांग इलाके में भी भारतीय सैनिक गश्त करना शुरू कर देंगे। रूस में आयोजित इस बार के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने द्विपक्षीय बातचीत की थी। उसके दो दिन पहले एलएसी पर पूर्व स्थिति बनाने को लेकर सहमति बनी थी। इससे फिर दोनों देशों के बीच रिश्तों में गर्मी लौटने की उम्मीद जताई जा रही है। जून 2020 में गलवान घाटी में चीनी सैनिक भारतीय क्षेत्र में घुस आए थे और हमारे सैनिकों के साथ उनका खूनी संघर्ष हुआ था, जिसमें दोनों तरफ के सैनिक हताहत हुए थे। तब से राजनीतिक गतिरोध बना हुआ था। हालांकि दोनों देशों के सैन्य अधिकारी इस विवाद को सुलझाने के लिए बैठकें करते रहे और उन बैठकों में सकारात्मक नतीजे भी निकले थे। उन्हीं बैठकों के चलते पांच में से तीन क्षेत्रों से चीन ने अपनी सेनाएं पीछे लौटा ली थीं। दो क्षेत्रों में विवाद बना हुआ था, जो अब समाप्त हो गया है। असल में चीन और भारत के बीच तनावपूर्ण रिश्तों का असर रूस और दक्षिण एशिया के अन्य देशों पर भी पड़ रहा था। जिस तरह रूस- यूक्रेन संघर्ष लगातार बना हुआ है, उसमें रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के मद्देनजर भारत से उसके मजबूत रिश्ते बहुत अहमियत रखते हैं। चीन से भारत की तनातनी के चलते यह समीकरण ठीक से बैठ नहीं पा रहा था । इसलिए माना जा रहा है कि रूस के प्रयत्नों से ही भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास दूर हुई है। मगर यह अच्छी बात है कि एलएसी पर बेवजह तनाव बने रहने से जो दोनों देशों का ध्यान उस तरफ लगा रहता था, उससे आजादी मिलती दिख रही है। अमेरिका इस तनाव का लाभ उठाने का प्रयास कर रहा था। जबसे चीन के साथ भारत के संबंध कुछ मधुर होने शुरू हुए हैं, अमेरिका की भौहें कुछ तनी नजर आने लगी हैं। रूस के साथ भारत की नजदीकी से वह पहले से खफा है। अभी अमेरिका ने जिन उन्नीस भारतीय कंपनियों पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगाए हैं कि वे रूस को मदद पहुंचा रही थीं, उससे उसकी खीझ समझी जा सकती है। मगर भारत ने अपने रिश्तों में संतुलन बनाए रखा है। रूस के साथ अपने रिश्तों में किसी तरह की खटास नहीं आने दी है और अमेरिका से भी नजदीकी बनाए रखी है। इसलिए कि भारत अपने को किसी गुट में शामिल नहीं किया है । फिर, जिस तरह भारत की आर्थिक हैसियत लगातार बढ़ रही है, और वह वैश्विक दक्षिण देशों के लिए लगातार भरोसेमंद साझीदार बना हुआ है, उसमें कोई भी भारत को फिलहाल नजरअंदाज नहीं कर सकता। चीन का बहुत बड़ा व्यापार भारत के साथ है, वह उसे किसी भी रूप में गंवाना पसंद नहीं करेगा। माना जा रहा है कि सीमा विवाद संबंधी ताजा समझौते से इस समस्या का कोई स्थायी समाधान निकल सकता है । मगर संशय इसी बात को लेकर बना हुआ है कि चीन अपने इस लचीले रुख को कब तक कायम रख पाता है। जब तक वह अपनी विस्तारवादी नीतियों को सिकोड़ने का प्रयास नहीं करेगा, उसके किसी भी कदम को बहुत भरोसे के साथ देखना मुश्किल है।

धुएं में फिक्र

पिछले कुछ वर्षों से हवा में बढ़ते जहरीले रसायनों के चलते सांस की तकलीफ से लेकर सेहत संबंधी बहुस्तरीय समस्याएं न केवल हमारे देश, बल्कि दुनिया भर में चिंता का कारण बनी हुई हैं। आए दिन वायु गुणवत्ता में लगातार गिरावट और उसके बुरी तरह प्रदूषित होते जाने के मसले पर पर्यावरणविद चेतावनी देते रहे हैं कि अगर समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वक्त में प्रदूषण से बिगड़ते हालात को संभालना असंभव हो जाएगा। मगर इस वर्ष एक बार फिर दीपावली के मौके पर इतने पटाखे जलाए गए कि देश के कई शहरों की वायु गुणवत्ता ' बेहद खराब' श्रेणी में चली गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआइ 317 तक पहुंच गया। दिल्ली में पटाखों पर पाबंदी के बावजूद पूरे शहर में इसके बड़े पैमाने पर उल्लंघन के मामले सामने आए। हरियाणा और पंजाब के साथ-साथ देश के अन्य कई शहरों में भी इसी तरह की स्थिति रही। सवाल है कि तमाम शहरों-महानगरों में वायु गुणवत्ता में चिंताजनक गिरावट, इसके 'बेहद खराब' श्रेणी में जाने और उसकी वजह से होने वाली परेशानियों की अनदेखी के दुष्परिणाम किसे झेलने होंगे ! हालत यह है कि इस समस्या के लगातार गहराते जाने के बावजूद न तो सरकारों को इस पर लगाम लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत महसूस हो रही है, न प्रदूषण और इससे उपजने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का भुक्तभोगी होने के बावजूद आम लोगों को अपने आप पर थोड़ा नियंत्रण रखने की जरूरत जान पड़ती है। खासकर पर्व- त्योहारों के मौके पर लोगों को सरकारी अपीलों और नियम- कायदों का उल्लंघन करने में हिचक नहीं होती। विडंबना है कि ऐसे समय में सरकार भी सब जानते - बूझते हुए कभी आस्था के नाम पर, तो कभी किसी अन्य बहाने से इस मामले में बरती जाने वाली व्यापक लापरवाही की अनदेखी कर देती है। आखिर क्या वजह है कि हर वर्ष दीपावली के मौके पर पटाखों की वजह से वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है और अगले दिन इसका व्यापक असर देखे जाने के बावजूद लोग इसके प्रति सचेत नहीं होते, जबकि इसका खमियाजा उन्हें ही झेलना पड़ता है।

श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा में अन्नकूट उत्सवःभील समाज के श्रद्धालुओं ने अन्नकूट लूटने की परम्परा की पूरी, शामिल हुए देशभर से श्रद्धालु






24 न्यूज अपडेट

राजसमंद. वल्लभ सम्प्रदाय की प्रधान पीठ श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा में शुक्रवार रात्रि को अन्नकूट दर्शन हुए जहां भील आदिवासी समाज के श्रद्धालुओं द्वारा अन्नकूट लूट की परम्परा को पूरा किया गया। नाथद्वारा में पांच दिवसीय दीपोत्सव के तहत होने वाले अन्नकूट लूट उत्सव दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहता है। इस उत्सव का आनंद लेने के लिए श्रद्धालु गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से यहां पहुंचते हैं। मंदिर मंडल द्वारा श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए जिससे दर्शन के दौरान कोई परेशानी ना हो। शुक्रवार रात्रि करीब 9 बजे आम श्रद्धालुओं के लिए अन्नकूट के दर्शन खुले। अन्नकूट दर्शन में मुख्य मंदिर में भोग प्रसाद सहित चावल का बड़ा ढेर लगाया जाता है और रात्रि करीब पोने 11 बजे अन्नकूट लूट के लिए मुख्य दरवाजा खोला गया जहां से भील आदिवासी समाज के लोगो ने प्रवेश किया व ठाकुर जी के सम्मुख रखी भोग सामग्री को लुटा। अन्नकूट लूट के लिए सुदूर ग्रामीण अचल से भील आदिवासी सपरिवार यहां पहुंचते है और परम्परा को पूरा करते हैं। भील आदिवासी से पुनः आम श्रद्धालु लूट सामग्री को प्रसाद स्वरूप लेते हैं व अपने घरों में रखते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस प्रसाद से उनके घरों में सुख समृद्धि व आरोग्य के साथ अन्नजल की कमी नहीं होती है।

कार पर पथराव से सहायक अभियंता घायल

कुशलगढ़ के निजी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद दाहोद रेफर, घर जाते समय हुआ हमला



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. कुशलगढ़ के बड़वास गांव में एक कार पर अज्ञात बदमाशों ने बीती रात पथराव किया। इस घटना मे सहायक अभियंता हितेश लबाना घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें कुशलगढ़ के निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुजरात के दाहोद शहर में रेफर कर दिया।

दरअसल, हितेश अपनी पत्नी और भाई के साथ परनाला गांव से अपने घर बड़वास कार से जा रहे थे। परनाला गांव से 4 किलोमीटर दूर पहुंचे थे कि अज्ञात लोगों ने परनाला कार पर पथराव किया। हितेश जलदाय विभाग ने कार्यरत हैं। बदमाशों ने एक बड़ा पत्थर ड्राइवर साइड पर मारा तो कांच टूट गया और पत्थर हितेश को लगा। लेकिन हितेश ने सूझबूझ से थोड़ी गाड़ी आगे भगाई और अपने साथ लूट की वारदात होने से बचा लिया। कुछ दूर जाने के बाद हितेश ने अपने चचेरे भाई बसंतीलाल लबाना को सूचना दी और वो मौके पर आए। जिसके बाद उन्हें गंभीर स्थिति में कुशलगढ़ निजी अस्पताल लाया गया जहां सहायक अभियंता हितेश लबाना का प्राथमिक उपचार कर किया और दाहोद रेफर कर दिया।

ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ा

इस घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया है। क्योंकि क्षेत्र में आए दिन इस प्रकार की घटना हो रहीं है और बदमाश इसके बाद लूट की वारदात भी करते हैं। लोगों ने ऐसी घटनाओं पर प्रशासन को कड़ी कार्रवाई कर अपराधियों को पकड़ने की मांग की है।

जिले में एक हजार से ज्यादा हुए डेंगू रोगीःनहीं थम रहा मौसमी बीमारियों का प्रकोप, एमबी हॉस्पिटल में मरीजों की भीड़



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर जिले में लोग डेंगू-मलेरिया सहित मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। एमबी हॉस्पिटल में रोज ऐसे रोगी पहुंच रहे हैं। जिले में डेंगू रोगियों की संख्या का आंकड़ा 1050 करीब पहुंच चुका है। दूसरी ओर मलेरिया रोगियों की संख्या भी 230 के करीब पहुंच गई है जो पिछले साल अक्टूबर 2023 तक 44 थी।

जिले में बढ़ती डेंगू-मलेरिया रोगियों की संख्या को लेकर पिछले दिनों चिकित्सा विभाग के निदेशक ने उदयपुर सीएमएचओ को नोटिस दिया था। जिसमें सीएमएचओ को डेंगू के बढ़ते केस नियंत्रण नहीं कर पाने में लापरवाह बताया था। इसके बाद सीएमएचओ और उनकी टीम हरकत में आई और डेंगू-मलेरिया प्रभावित इलाकों में पहुंचकर इलाज में जुट गई लेकिन फिलहाल भी स्थिति नियंत्रित होती नहीं दिख रही है।

मौसमी बीमारी से घाटा-पाटिया में हुई थी 9 बच्चों की मौत उदयपुर के घाटा और पाटिया इलाके में बीते एक माह में मौसमी बीमारियों से 9 बच्चों को मौत हो चुकी है। चिकित्सा विभाग की टीम ने यहां पहुंचकर इन मौतों की पुष्टि की है। जबकि स्थानीय ग्रामीणों का दावा था कि मौतें इससे ज्यादा करीब 15 बच्चों की हुई है। विभाग इन मौतों का जिम्मेदार अकेले मलेरिया को मानने के लिए तैयार नहीं है। विभाग का तर्क है कि मौतें अलग-अलग समय और जगहों पर हुई है। इसलिए ये कहना मुश्किल है कि मौत का कारण मलेरिया है या फिर अज्ञात बीमारी है।

गोवर्धन पूजा विशेष : गोवर्धन पूजा में छिपा है पर्यावरण संरक्षण का संदेश : डॉ. अनिल मेहता



24 न्यूज अपडेट

द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिया गया संदेश कि सुख, समृद्धि और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए बृजवासियों को गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए, पहाड़ों की महत्वता और संरक्षण की आवश्यकता को उजागर करता है। पहाड़ों, पेड़ों, पशुओं के पूजन,संरक्षण के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने जन जन को पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण से जोड़ लिया था। अतएव, यह दिन पर्वतों और पहाड़ियों के संरक्षण के संकल्प का प्रतीक है। यह दिन हमे स्मरण कराता हैं कि हाइड्रोलॉजी, इकोलॉजी,बायोडायवर्सिटी की दृष्टि से, पहाड़ एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्राकृतिक व्यवस्था हैं, जिसे बचाकर हम स्वयं को बचा सकेंगे। जलवायु परिवर्तन संकट के इस कलियुग दौर में, श्रीकृष्ण का पर्वत संरक्षण का संदेश पहले से कहीं और अधिक गहराई से अंगीकार करने और व्यहवार में लाने की आवश्यकता है। आइए, इस प्रकृति पूजन , पर्वत पूजन शुभ अवसर पर संकल्प लें कि हम पर्वतों को कटने से रोककर उनके जंगलों, जल प्रवाह व्यवस्था और जैव-विविधता को संरक्षित करेंगे। भगवान श्रीकृष्ण का संदेश आज भी प्रासंगिक है दृ पहाड़ों से ही हमारी समृद्धि है और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव है।

अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट : विश्व की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखला, अरावली, गंभीर संकट में है। शहरीकरण और होटलों, रिजॉर्ट व अन्य निर्माण के चलते इसका क्षय हो रहा है, जिससे यहां की जल प्रवाह व्यवस्था और जैव विविधता खतरे में है। इससे बाढ़ जैसे संकट भी बढ़ सकते हैं और यह क्षेत्र मरुस्थल में भी तब्दील हो सकता है। केंद्र सरकार "अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट" के माध्यम से इस संकट को रोकने के लिए तत्पर हुई है । पोरबंदर से पानीपत तक 1,400 किमी लंबी और 5 किमी चौड़ी ग्रीन बेल्ट पट्टिका(बफर) इसका एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य पश्चिमी रेगिस्तान के विस्तार को रोकना और अरावली की जैव विविधता को बहाल करना है। वहीं, अरावली में खनन रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के भी स्पष्ट निर्देश है। लेकिन, अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट या खनन रोकने से ही अरावली नहीं बचेगी। जब तक शहरीकरण विस्तार तथा व्यावसायिक निर्माणों के लिए अरावली को काटे जाने से नहीं बचाया जाएगा, अरावली निरंतर नष्ट होती रहेगी।

गोवर्धन पूजा दिवस एक संदेश है - सम्भल जाने का, स्वयं को, अपनी आने वाली पीढ़ियों को बचाने का।

- डॉ. अनिल मेहता,
शिक्षक, चिंतक एवं पर्यावरणविद


हिप्नोटाइज कर गहने लूटने वाले दोनों बदमाश आए गिरफ्त में



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। महेश नगर थाना पुलिस ने हिप्नोटाइज कर युवती से गहने लूटने वाले दो बदमाशों को अरेस्ट कर लिया हैं इन लोगों ने चंदा लेने के बहाने यह लूट की थी। दोनों बदमाश अपार्टमेंट में घुसे तथा वहां एक अपार्टमेंट में मौजूद युवती को हिप्नोटाइज कर गहने लूट कर भाग निकले जो सीसीटीवी में कैद हो गए। इसके आधार पर ही दोनों आरोपियों को पकडा है व पूछताछ की जा रही है। जसवीर उर्फ सोनू (34) पुत्र मोहन सिंह निसी बडोदिया बस्ती सुंदर पथ अरविन्द नगर सदर और डिंपल सिंह (30) पुत्र गुरुबख्स सिंह निवासी गली नंबर-5 बडोदिया बस्ती सदर को पकडा गया है। इन्होंने 24 अक्टूबर को स्वेज फार्म स्थित समृद्धि अपार्टमेंट में दोनों बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था। अपार्टमेंट के एक फ्लैट में रहने वाले श्रीवस्तन की बेटी श्रीनिधी को हिप्नोटाइज कर दोनों बदमाश सोने की चेन और अंगुठी लूट ले गए थे। करीब आधा घंटे बाद होश आने पर हिप्नोटाइज कर गहने लूट की वारदात होने का पता चला था। पीड़ित की शिकायत पर महेश नगर थाना पुलिस ने सबूत जुटाए। ब्ब्ज्ट फुटेज में कैद हुए दोनों बदमाशों की तलाश की गई। फुटेज के आधार पर दोनों बदमाशों को चिन्हित कर दबिश देकर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई चेन बरामद कर ली है।

इस्कॉन मन्दिर मे भक्तों ने की गोवर्धनजी की पूजा व परिक्रमा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। गंगूकुण्ड स्थित इस्कॉन मन्दिर मे वैष्णव भक्तो ने प्रांगण के मध्य बहुत ही सुंदर आकर्षक गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति का निर्माण कर सजाया। जिसका शनिवार को प्रातः 11 बजे प्रथम इस्कॉन ब्रह्मचारी, दीक्षार्थी वैष्णव ने गोवर्धन जी की पूजा अर्चन कर आरती की। पश्चात सैकड़ो की सख्यां मे उपस्थित भक्तो ने परिक्रमा कर प्रणाम किया। इससे पूर्व हरिनाम संकीर्तन कर गोवर्धन कथा इस्कॉन अध्यक्ष मायापुर वासी प्रभु के श्रीमुख से श्रवणपान किया। प्रभु ने श्रद्धालुओ को बताया कि किस तरह भगवान श्री कृष्ण ने कनिष्ठिका अंगुली मे गोवर्धन पर्वत को धारण कर इन्द्र के अहंकार का मर्दन कर वृन्दावन वासियो को भयंकर वर्षा से बचाया। कथा रसास्वादन के बीच मे भक्त गिरिराजधरण की जय, हरि बोल से मन्दिर गुंजायमान करते रहे। सात वर्षीय मानवी के जन्मदिन पर वजन के बराबर भगवत गीता का दान किया। भक्तो के हाथो से निर्मित 56 भोग धराकर, प्रसाद सभी भक्तो मे वितरित किया गया। इस बीच दिनभर दर्शनार्थ भक्तो का तांता लगा रहा।

राज्य में 803 फर्मों पर कार्यवाही कर 12,35,500 रुपये का जुर्माना लगाया

24 न्यूज अपडेट

जयपुर । खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलात मंत्री श्री सुमित गोदारा ने बताया कि विभाग द्वारा 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 तक चलाये गए कंज्यूमर केयर अभियान के तहत कुल 803 फर्मो पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। जिनमे डिब्बा बंद वस्तुएं नियम के तहत 85 तथा 451 फर्मो पर सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नही पाये जाने पर विभाग द्वारा गठित टीमों ने फर्मो के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस जारी कर 12,35,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। प्रमुख शासन सचिव श्री सुबीर कुमार ने बताया कि कंज्यूमर केयर अभियान 21 से 30 अक्टूबर तक नियमित रूप से चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने के लिये प्रेरित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनके मूल अधिकारों के बारे में सूचित किये जाने तथा उपभोक्ता शिक्षा का प्रसार करना है। किसी भी प्रकार की सेवा एवं वस्तुएं जो राशि देकर प्राप्त की गई है, उन सेवाओं और वस्तुओं की मानक, मात्रा एवं सही माप तौल उपभोक्ता का विधिक अधिकार है इन अधिकारों के उल्लंघन पर उपभोक्ता, उपभोक्ता मामले विभाग को शिकायत कर सकता है। उपभोक्ता हैल्पलाइन एयरलाइन, ऑटोमोबाइल, बैकिंग, ड्रग्स एवं मेडिसिन, विद्युत, फूड, पेट्रोलियम, इंश्योरेन्स, टेलिकॉम जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयों पर राज्य उपभोक्ता हैल्पलाइन नं. 18001806030 एवं 14435 तथा वाटसएप नं. 7230086030 पर राजकीय अवकाश के अतिरिक्त प्रातः 10 से शाम 05 बजे तक शिकायत की जा सकती है।

पटाखों के बारूद-चिंगारी से 5 बच्चों की रोशनी गई:19 साल की युवती की दोनों आंख खराब हुई, पटाखे वाली बंदूक से घायल हुआ बच्चा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. पिछले दो दिन दीपावली के पर्व पर आतिशबाजी और पटाखे फोड़ने के दौरान घायल हुए 80 से ज्यादा लोग एसएमएस हॉस्पिटल की इमरजेंसी में पहुंचे। इनमें जयपुर, झुंझुनूं, धौलपुर, नागौर, अलवर और टोंक के 5 बच्चे और एक युवती आंखों में बारूद जाने और पटाखों की चिंगारी लगने से घायल हो गए। इनकी आंख की रोशनी भी चली गई। डॉक्टर्स का कहना है कि बच्चों का ऑपरेशन कर दिया है, लेकिन रोशनी वापस आने की संभावना 10 फीसदी से भी कम है। एसएमएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया- दीपावली के दिन से लेकर आज सुबह तक करीब 80 से ज्यादा मरीज इमरजेंसी में आ चुके हैं। इसमें 9-10 मरीज की स्थिति गंभीर थी। उनको भर्ती करके इलाज करना पड़ा। इसमें ज्यादातर मामले आंखों के खराब होने से संबंधित हैं। इनकी आज और कल सर्जरी की गई। एसएमएसस में ऑप्थेल्मोलॉजी डिपार्टमेंट (नेत्र रोग विभाग) के एचओडी और सीनियर प्रोफेसर डॉ. पंकज शर्मा ने बताया- हमारे यहां 8 मरीज ऐसे थे, जिनकी आंखें पटाखे चलाने से प्रभावित हुई। इनमें से 3 के ऑपरेशन कल किए गए, 5 के ऑपरेशन आज किए गए। आज हमारी टीम ने पूरे दिन ऑटी चालू रखकर सभी मरीजों के ऑपरेशन कंप्लीट किए हैं।

डॉक्टर शर्मा ने बताया- घायल मरीजों में सभी बच्चे हैं। इनकी आंखों में बारूद जाने या चिंगारी लगने से इतना ज्यादा नुकसान हुआ है कि इनमें से 6 बच्चों के विजन खत्म होने की स्थिति में है। ऑपरेशन कर दिया है, अब देखना है कि विजन (रोशनी) वापस आती है या नहीं? उन्होंने बताया- कि एक बच्ची के तो दोनों आंखों में गहरी चोट लगी है, जिसका आज ऑपरेशन किया है।

दोनों आंखों की रोशनी हुई प्रभावित

धौलपुर के बाड़ी एरिया की रहने वाली 19 साल की भावना दीपावली की रात पटाखे से जल गई। इससे उसके शरीर का कुछ हिस्सा जल गया। साथ में दोनों आंखें भी खराब हो गई। दोनों आंखों में पटाखे से बारूद और अन्य चीजें जाने से चोट आई है। डॉक्टरों का कहना है कि दोनों आंखों का विजन अभी नहीं है। ऑपरेशन करके डैमेज पार्ट को रिपेयर कर दिया है। बंदूक चलाने से आंख में आई चोट झुंझुनूं में बुहाना के पास एक गांव के रहने वाला 8 साल के यश की आंख में गहरी चोट आई है। यश की मां ने बताया- उसके साथ एक दूसरा लड़का खड़ा था। जो पटाखे वाली बंदूक चला रहा था। बंदूक चलाने के दौरान ही यश उसके सामने आ गया। चिंगारी से यश की बांयी आंख में गहरी चोट आई है। अलवर के रहने वाले 7 साल के करण सिंह की दांयी आंख, नागौर के राजकुमार (10) की बांयी आंख, निवाई के अभिषेक (12) की बांयी आंख और जयपुर के चारदीवारी एरिया की रहने वाली हरिष्का (11) की दांयी आंख पटाखे जलाने के दौरान खराब हो गई, जिनकी सर्जरी की गई है।

प्लास्टिक का चश्मा पहनकर चलाने चाहिए पटाखे

डॉ. पंकज शर्मा ने बताया- सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में हर साल पटाखों से आंखों में इंजरी होने के दर्जनों मामले आते हैं। हर साल औसतन 7-8 लोगों की आंखों की रोशनी चली जाती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को ध्यान रखना चाहिए कि जब भी बच्चे पटाखें जलाएं। वे उनके साथ रहें। बच्चों को और खुद प्लास्टिक का पारदर्शी चश्मा पहने। बाजार में प्लास्टिक के ऐसे पारदर्शी चश्मे आते है जो आंखों को पूरी तरह कवर कर लेते है। वहीं सरकार और प्रशासन को भी पटाखा विक्रेताओं को इनकी बिक्री की अनिवार्यता लागू करनी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाएं न हो।

सरकारी अस्पतालों में 'दीपोत्सव ट्रॉमा', कई जगह स्टाफ गायब, हैल्पर ने कर दी ईसीजी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. स्टेट डेस्क। दीपावली पर सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं हैं। कई डाक्टर व अन्य स्टाफ छुट्टी पर है जिसके चलते कई ऑपरेशन टाले गए हैं तो कई जगह जांचें तक नहीं हो रही है। क्रिटिकल केयर तो बहुत दूर की कौड़ी है। जिन कर्मचारियों का काम एंट्री करना है वो पर्ची पर दवाई लिख रहे हैं। जिनको कुछ नहीं आता, वे यू ट्यूब देख कर जांचें कर रहे हैं। इन सबके बीच नेतागण व आला अधिकारी खुद दीपावली की रामा-श्यामा में या उप चुनावों में व्यस्त हैं। हमारे चुने हुए नेता अगर मोर्चा संभाल लें तो व्यवस्था सुधरने में एक मिनट भी ना लगे। मगर उनकी करूण तब जागती है व वे तभी सरकारी सिस्टम को जगाते हैं जब उनके किसी करीबी की जान इन अव्यवस्थाओं के चलते खतरे में पड़ती है। मामला जोधपुर का है। सरकारी अस्पताल के हेल्पर ने यूट्यूब देखकर कर मरीज की ईसीजी कर दी। परिजनों ने देखा तो टोका व कहा कि तुम मरीज को मार दोगे। इस पर हेल्पर ने कहा कि स्टाफ नहीं है। पावटा स्थित सैटेलाइट हॉस्पिटल का यह पूरा मामला है। अब इसका वीडियो सामने आने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल बीएस जोधा ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। आश्वासन पूरा होगा या नहीं यह तो नहीं पता मगर मामला गंभीर है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक अस्पताल में बेड पर लेटा है दिवाली पर लैब टेक्नीशियन छुट्टी पर है। इनको मालूम नहीं है, मशीन कैसे चलानी है। परिजन कहता है कि भैया आप कह रहे हो कि आपने कभी ईसीजी नहीं की है। तो क्यों मरीज की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हो। किसी को बुला लो भैया मामला हार्ट से जुड़ा मामला है। कुछ हो गया तो क्या होगा। इस पर हेल्पर कहता है- मैं लैब टेक्नीशियन नहीं हूं, वह दीपावली की छुट्टी पर घर गया है। मुझे कुछ नहीं करना है। सब सही जगह लगा दिया है, जो भी काम करेगी मशीन करेगी। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल के बयान से ही आपके लग जाएगा कि इस मामले में कार्रवाई होने वाली है या नहीं। उन्होंने कहा कि वीडियो शुक्रवार को सामने आया था। मामले की सत्यता सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पॉइंट्स गलत लगाने से शरीर पर कोई इफेक्ट नहीं होता। पॉइंट सही जगह नहीं लगा है तो रिपोर्ट सही नहीं आती है।

त्योहारी लूट के बाद चांदी हुई 2,299 रूपए सस्ती होकर, 93,501 पर आकर टिकी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, नेशनल डेस्क। दीपावली पर सोना व चांदी की कीमतों में कृत्रिम उछाल के चलते श्रद्धा व शगुन के नाम पर चांदी खरीदने वालों को अच्छी चपत लगाई गई। वैसे तो हर बार ऐसा होता आया है लेकिन इस बाद एकदम कीमतें बढ़ी व एकदम उतर गई। चांदी आज 2299 रूपए प्रति किलो बिकी जबकि धन तेरस पर भाव 1 लाख पार हो गए थे। सिक्के बेचने वाले भी यह दिलासा देकर 1 लाख की कीमत पर बेच रहे थे कि हम तो जान पहचान वाले होने की वजह से आपको दो दिन पुरानी रेट पर बेच रहे हैं। मार्केट में कहीं भी चले जाइये, इससे कम पर नहीं मिलने वाला है। सोने ने एक सप्ताह मे 410 रूपए प्रति 10 ग्राम की चपत लगाई है। हफ्तेभर के कारोबार के बाद चांदी एक किलो चांदी की कीमत 2,299 रुपए सस्ती होकर 93,501 रुपए प्रति किलो पर आज पहुंच गई। एक हफ्ते पहले चांदी की कीमत 95,800 रुपए थी। 30 अक्टूबर को गोल्ड ने 79,681 रुपए और 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का ऑल टाइम हाई वाला रिकॉर्ड बनाया था। दिल्ली में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,550 रुपए है। मुंबई में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,400 रुपए है। कोलकाता में कीमत 80,400 रुपए है तो चेन्नई में सोना 80 हजार 400 रुपए पर पहुंच गया है।

PK बोले-चुनाव में सलाह देने के 100 करोड़ लेता था:10 राज्यों में मेरी बनाई सरकार, मुझे लोग इतना कमजोर ना समझें



24 न्यूज अपडेट

गया. प्रशांत किशोर किसी भी पार्टी या नेता को केवल सलाह देने के लिए 100 करोड़ रुपए से भी ज्यादा फीस लेते थे। ये बयान उन्होंने 31 अक्टूबर को गया की बेलागंज विधानसभा में अपने कैंडिडेट के प्रचार के दौरान दिया।

प्रशांत ने आगे कहा कि 'दस राज्यों में मेरी बनाई सरकार चल रही है। लोग अक्सर पूछते हैं कि मैं अपने अभियान के लिए पैसे कहां से लाता हूं। मेरी बनाई सरकारें आज देश के 10 राज्यों में शासन कर रही है। तो हमको क्या अपने अभियान के लिए टेंट और तंबू लगाने के लिए पैसा नहीं मिलेगा? आप लोगों ने मुझे इतना कमजोर समझ रखा है क्या?'

13 नवंबर को 4 सीटों पर उपचुनाव, प्रशांत ने भी कैंडिडेट्स उतारे

दरअसल, 13 नवंबर को बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। पहली बार प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी ने भी सभी सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारे हैं।

बेलागंज से मोहम्मद अमजद, इमामगंज से जितेंद्र पासवान, रामगढ़ से सुशील कुमार सिंह कुशवाहा और तरारी से किरण सिंह पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। उपचुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

2 अक्टूबर 2024 को बनाई पार्टी

2 साल तक बिहार में पदयात्रा करने के बाद प्रशांत किशोर ने 2 अक्टूबर को जन सुराज पार्टी की नींव रखी। पटना में प्रशांत किशोर ने जन सुराज को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया। एससी समुदाय से आने वाले मनोज भारती को जन सुराज का पहला कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है।

जयसमंद : प्रशासनिक मिलीभगत हो तो लाइफ जैकेट की क्या जरूरत??



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। अगर आप जयसमंद झील में नौकायन का आनंद उठाने जा रहे हैं तो सबसे पहले बाजार से एक लाइफ जैकेट खरीद कर साथ लेकर जाइये क्योंकि इस झील पर बिना लाइफ जैकेट के नौका भ्रमण करवाया जा रहा है। ठेकेदार इतना पावरफुल है और प्रशासनिक अधिकारियों, आरटीओ व पुलिस से उसकी ऐसी मिलीभगत है कि लाइफ जैकैट के बारे में पूछताछ करने पर वह आपको कहने लगता है कि जो करना है कर लीजिए, जिसे बताना है बता दीजिए, हमें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। गलती करने पर भी उसे नहीं मानने के पीछे उसका कॉन्फिडेंस बता रहा है कि पैसा उपर तक जाता है और बदले में उसको कोई भी कार्रवाई नहीं करने का फूल प्रूफ एश्योरेंस दिया गया है। पुलिस व प्रशासन की शह के चलते लोगों की जान की कोई परवाह नहीं है। ट्वंटी फोर न्यूज अपडेट टीम ने लगातार मिल रही पर्यटकों की शिकायतों के बाद जब मौके पर जायजा लिया तो देखा कि ठेकेदार की मनमानी चल रही है। बिना लाइफ जैकेट के नावें सरपट दौड़ी जा रही है। लाइफ जैकेट नावों की छत के नीचे वाले हिस्से में ठूस कर रखे हुए हैं ताकि दुर्घटना होने पर अधिकारियों व पुलिस की मिलीभगत से यह साबित किया सके कि सबने लाइफ जैकेट पहने हुए थे। इस वीडियो में आप खुद देख लीजिए कि कैसे स्थानीय लोग व पर्यटक बिना जैकेट के बड़े आराम से जल में नौकायन का आनंद ले रहे हैं। कोई वीडियो बना रहा है तो कोई खड़ा होकर रील बना रहा है। इससे नाव डांवाडोल हो रही है। किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहन रखा है। नाव डांवाडोल होते हुए कभी भी पानी में पलट सकती है। और बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन इनको किसी की जान की कोई परवाह नहीं है। ये लोग ढीठ हो चुके हैं। आपको जानकारी के लिए बता दें कि जयसमंद में 10 मिनट की जल सवारी के 50 रूपए और 15 से 20 मिनट के नौकायन का टिकट 100 रूपए है। नावें लगातार फेरे कर रही हैं लेकिन किसी को भी लाइफ जैकेट नहीं पहनाया जा रहा है। नावों का लाइसेंस आरटीओ की ओर से जारी किया गया है लेकिन लगता है लगातार लाभ लेने की वजह से आरटीओ की ओर से यहां मनमानी की खुली छूट दे दी गई है। मॉनिटरिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। अव्वल तो बिना लाइफ जैकेट पहले नाव पानी में चलाना ही कानूनी अपराध है लेकिन यहां तो गलती बताने पर भी उसे सुधारने की बजाय उल्टे अफसरों से कोई डर नहीं होने की बात कहीं जा रही है। नाव चलाने वाले ठेकेदार के लोगों ने बताया कि कभी-कभी बारिश या तेज हवा होने पर ही लाइफ जैकेट पहनाते हैं बाकी आम दिनों में नहीं पहनाते हैं। अब सवाल यह उठता है कि जब यह लंबे समय से हो रहा है तो जिला प्रशासन आखिर कर क्या रहा है?? लगातार मॉनिटरिंग करने वाले सरकारी कारिंदे आखिर कहां पर है?? यदि कोई हादसा हो गया तो कौन जिम्मेदार होगा?? कहीं ऐसा तो नहीं है कि अफसरों व नेताओं के रिश्तेदारों को मुफ्त सेवाओं के बदले ठेकेदार को मनमानी का खुला खुल करने का लाइसेंस दे दिया गया है। यदि ऐसा है तो चिंताजनक और जानलेवा है। जिला कलेक्टर को तुरंत संज्ञान लेकर नाव संचालक लाइसेंस निरस्त करना चाहिए और जांच करते हुए चालान बनाना चाहिए। ट्वंटी फोर न्यूज अपडेट आगे भी इस मामले में लगातार फॉलोअप लेकर नाव संचालकों को पाबंद करवाएगी। तब तक जागरूक नागरिक चाहें तो मुख्यमंत्री के पोर्टल वन एट वन पर शिकायत कर सकते हैं।

प्रेम प्रसंग में कर दी लड़के के पिता की हत्या



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। बांसवाड़ा के मोटा गांव थाना क्षेत्र के डाबरा पाड़ा कुंडली गांव में 50 वर्षीय व्यक्ति की लठ्ठ मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि कचरू के बेटे द्वारा लड़की को भगाने से गुस्साए लड़की के परिजन लड़के के घर पहुंचे थे। विवाद के दौरान कचरू के साथ लड़की के परिजनों ने मारपीट की। जिसमें गंभीर चोंट लगने से परिजन कचरू को एम जी अस्पताल ले गए वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कचरू का बेटा लड़की को बिना परिजनों की अनुमति के साथ ले आया था। समाज के हस्तक्षेप से समझौता हुआ और लड़की को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। लेकिन लगभग 15 दिन पहले लड़की फिर से कचरू के बेटे के साथ फरार हो गई।घटना से नाराज लड़की के परिजन एक बार फिर कचरू के घर पहुंचे और वहां विवाद के दौरान कचरू पर लठ्ठ से हमला कर दिया। घटना के बाद कचरू को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। मोटा गांव थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच कर रही है।

टेम्पो से मिले 5.80 लाख, पॉलीथिन में छिपाकर ले जा रहे थे गुजरात



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर. धंबोला पुलिस ने मांडली चेक पोस्ट पर तलाशी के दौरान 2 टेम्पो से 5 लाख 80 हजार रुपए बरामद किया है। कैश परिवहन के कोई भी दस्तावेज उनके पास प्राप्त नहीं हुए। धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया कि शनिवार को मांडली चेक पोस्ट पर नाकाबंदी कर गाड़ियों की जांच की गई। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक लोडिंग टेम्पो को रुकवाया। तलाशी के दौरान टेम्पो में काली थैली मिली जिसमें रुपए भरे हुए थे। ड्राइवर इरफान पुत्र इब्राहिम ईपरोलिया घांची निवासी सीमलवाड़ा कोई जवाब नहीं दे सका। चुनाव के दौरान कैश लेकर जाने पर कोई डॉक्यूमेंट भी नहीं मिले। पुलिस ने 3 लाख 85 हजार रुपए का कैश जब्त कर लिया। इसके बाद पुलिस ने एक और लोडिंग टेम्पो को रुकवाया। टेम्पो में काली पॉलीथिन की थैली में 1 लाख 95 हजार रुपए का कैश मिला।

पटेल-पाटीदार समाज ने किया शक्ति प्रदर्शन:4 KM लंबी रैली में 30 हजार से ज्यादा लोग, 31 अक्टूबर को राजकीय अवकाश की मांग



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. बांसवाड़ा जिले के पटेल-पाटीदार समाज ने सरदार पटेल जयंती के उपलक्ष्य में शक्ति शक्ति प्रदर्शन करते हुए विशाल रैली का आयोजन किया। श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के सानिध्य में ठिकरिया स्थित पटेल छात्रावास में सभी समाजजन इकट्ठा होने लगें। बड़ी संख्या में ट्रेक्टर, दुपहिया व चौपहिया वाहनों को लेकर उत्साह से रैली में भाग लेने के लिए समाजजन जुटे। रैली ठिकरिया से सिंटेक्स मिल होते हुए कस्टम चौराहे जवाहर पुल पहुंची। वहां सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोहन कॉलोनी से प्रताप सर्कल होकर कॉलेज मैदान में पहुंचे ओर सभा का आयोजन किया। भारतीय किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रणछोड़ पाटीदार की अध्यक्षता, जैनेंद्र त्रिवेदी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। संगठन के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत पाटीदार ने स्वागत उद्धबोधन में टीएसपी क्षेत्र में ओबीसी आरक्षण, केंद्र की भर्तियों में पटेल-पाटीदार समाज को ओबीसी में जोड़ने सहित अन्य मांगे रखी।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद मसोटिया ने कहा की सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता के पुरोधा हैं। उन्ही के आदर्शों पर चलना चाहिए। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय अवकाश घोषित करवाने सहित अन्य मांगे रखी। संगठन के राष्ट्रीय सचिव दीपक पटेल कुपडा ने बताया कि आगामी समय में कार्यक्रम की रूप रेखा तय कर संभाग स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिला संयोजक जगदीश पाटीदार ने संगठन के उद्देश्यों से समाजजनों को अवगत करवाया। इस दौरान विशाल संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय पटेल बड़लिया ने बताया की कार्यक्रम में संगठन के 16 सूत्री उद्देश्यों को समाजजनों के सामने रखा। जिसमें समग्र पाटीदार समाज का एकीकरण करना, 31 अक्टूबर को राजकीय अवकाश घोषित करवाने, सरदार पटेल कल्याण बोर्ड का गठन करवाने, टीएसपी में ओबीसी आरक्षण, केंद्र की सूची में समग्र पटेल समाज को ओबीसी में जोड़ने सहित अन्य मांगे की गई।

रैली में शामिल होने के लिए शहर के आसपास गांवों से पटेल समाजजन 500 से ज्यादा ट्रेक्टर लेकर सम्मिलित हुए। कई बुजुर्ग समाजजनो ने भी ट्रेक्टर के साथ रैली में भाग लिया।


झगड़े में बीच बचाव में आए निजी स्कूल बस के ड्राइवर की मौत



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। आसपुर थाना क्षेत्र के नयागांव कस्बे में शुक्रवार को बदमाशों ने किराना शॉप पर बैठे चचेरे भाई की चाकू से वार कर हत्या कर दी। मरने वाला नेपाल सिंह एक निजी स्कूल में बस कंडक्टर के रूप में काम कर रहा था। उसके एक बेटा और एक बेटी है। वह बीच बचाव करने आया था व बदमाशों ने चाकू वार से उसकी जान ले ली। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को शाम करीब 8:30 बजे दो बदमाश किराना शॉप पर आए व दुकान मालिक के चचेरे भाई का मर्डर चाकू से कर दिया। दुकान के मालिक को उन्होंने चाकू वार से घायल कर दिया। मृतक के शव को सागवाड़ा मॉर्च्युरी में रखवाया है जबकि घायल का इलाज सागवाड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में हो रहा है। नयागांव में किराना दुकान पर दो बदमाश बाइक पर आए और दुकान के मालिक भोपाल सिंह से सिगरेट व सुपारी मांगी। इस दौरान उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। दुकान में बैठे नेपाल सिंह, मेघजी पाटीदार और रामलाल मीणा ने दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं माने। झगड़े के बीच में नेपाल सिंह जैसे ही दुकान के बाहर आया, एक बदमाश ने कॉलर पकड़ लिया, दूसरे ने पीछे से चाकू से तीन-चार वार कर दिए। इससे नेपाल सिंह गिर पड़ा। दुकान में बैठे तीनों लोगों ने शोर मचाया। आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन दुकान मालिक के कंधे पर चाकू से वार कर दिया गया। इस बीच भीड़ जमा हो गई, जिसने बदमाशों की पिटाई कर दी लेकिन बदमाश मौका देख बाइक छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। घायल नेपाल सिंह को सागवाड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां मौत हो गई,घायल भोपाल सिंह का इलाज जारी है।

मोपेड पर सांवलियाजी दर्शन करने जा रहे बुजुर्ग दंपती को इनोवा ने मारी जोरदार टक्कर, पुलिया से उछल कर 30 फीट नीचे गिरा बुजुर्ग



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। गंगरार थाना क्षेत्र में आज एक दर्दनाक सड़क हादसे में बुजुर्ग दंपती की मौत हो गई। दंपती संवलियाजी दर्शनको जा रहा था कि पीछे से तेज रफ्तार से इनोवा गाड़ी आई जिसने उनकी मोपेड को जोरदार टक्कर मारी। हादसे में बुजुर्ग पति और पत्नी दोनों की मौत हो गई। इनावा की टक्कर इतनी तेज थी कि मोपेड सवार बुजुर्ग 30 फीट ऊंची पुलिया से उछलकर नीचे जा गिरे। पुठोली इंचार्ज मौके पर आए व शवों को जिला हॉस्पिटल मार्चेरी में अंत्य परीक्षण के लिए रखवाया। परिजनों को सूचना दी। परिजन चित्तौड़गढ़ पहुंचे व शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। पुठोली इंचार्ज एएसआई देवी सिंह ने मीडिया को बताया कि जाटों की बस्ती, पटेल नगर हल अरविंद विहार, भीलवाड़ा निवासी कृपाल सिंह (63) पुत्र निरंजन सिंह चौधरी पत्नी राजन देवी (60) के साथ भीलवाड़ा से सुबह करीब 5:30 बजे मोपेड पर सांवलियाजी दर्शन के लिए निकले। सुबह 7:30 बजे चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा नेशनल हाइवे पर मेढ़ीखेड़ा फाटक पुलिया पर अचानक पीछे से भीलवाड़ा के नंबर वाली इनोवा तेज गति से आई और टक्कर मार कर मोपेड को घसीटते हुए पुलिया की रेलिंग से जा टकराई। मोपेड को चला रहो कृपाल सिंह उछलकर 30 फीट ऊंची पुलिया से नीचे जा गिरे। उनकी पत्नी रेलिंग से टकरा कर सड़क पर गिर गई। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद लोग मदद को पहुंचे। तब तक वाहन चालक भाग चुका था। पुलिस ने एनएचएआई की एंबुलेंस की मदद से शव को जिला हॉस्पिटल के मोर्चरी तक पहुंचाया। आधार कार्ड से पहचान हुई व परिजनों को सूचना दी गई। मृतक के जूस की दुकान है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।